दिनांक 2-1-18

प्रेस नोट

एटीएस, उत्तर प्रदेश

बांग्लादेशियों के पासपोर्ट बनाने वाले गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार

- **1 बांग्लादेशी तथा 2 भारतीय गिरफ्तार।**
- **यूपी एटीएस, अभिसूचना विभाग व सहारनपुर पुलिस की टीम द्वारा की गयी सयुंक्त कार्यवाही।**
- **1 गिरफ़्तारी मुरादनगर, गाज़ियाबाद तथा 2 की देवबन्द, सहारनपुर से।**

- यूपी एटीएस की टीम द्वारा दिनांक 2-1-18 को जनपद गाज़ियाबाद तथा सहारनपुर से फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर बांग्लादेशियों के पासपोर्ट बनाने वाले गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया।
- यूपी एटीएस को सूचना मिली थी कि फर्जी आधार कार्ड तथा अन्य प्रमाण पत्रों के आधार पर भारत में अवैध रूप से रह रहे तथा विदेश जाने तथा भेजने वाले बांग्लादेशियों का एक गिरोह सक्रिय है।
- जाँच के दौरान ज्ञात हुआ कि युसूफ अली नाम के एक व्यक्ति ने भी देवबन्द से ही फर्जी पते पर पासपोर्ट बनवा लिया है और वह इस गिरोह का सक्रिय सदस्य है तथा वर्तमान में ग्राम कुर्सी, थाना मुरादनगर, जनपद गाज़ियाबाद में रह रहा है।
- एटीएस टीम ने आज दिनांक 2-1-18 को युसूफ को ग्राम कुर्सी, थाना मुरादनगर, जनपद गाज़ियाबाद को गिरफ्तार कर उसके पास से युसूफ द्वारा फर्जी पते पर बनवाए गये दो आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाईसेंस, वोटर कार्ड, मूल निवास पहचान पत्र, पासपोर्ट की छायाप्रति, विभिन्न बैंक की चैक बुक, पास बुक, एटीएम कार्ड, तीन मोबाइल, चार अन्य लोगो के पश्चिम बंगाल के पते के वोटर कार्ड तथा आधार कार्ड, पासपोर्ट, ग्राम पंचायत प्रमाण पत्र, ड्रइविंग लाईसेंस की अनेक छायाप्रतियां बरामद की हैं।

गिरफ्तार व्यक्ति का विवरण

1. युसूफ अली उर्फ़ नजरुल पुत्र हज़रत अली उर्फ़ कपचार अली, निवासी गाँव मध्यम चारबरिया, थाना बरीसल, बांग्लादेश
2. अहसान अहमद पुत्र निसार अहमद निवासी मौ० पठानपुरा, देवबन्द, यू०पी०
3. वसीम अहमद पुत्र बदरूज़मा निवासी मौ० किला, देवबन्द, यू०पी०

सम्बंधित अभियोग

मु०अ०सं० 15/17 धारा 419,420, 467, 468, 471 IPC व 12 पासपोर्ट अधिनियम, थाना एटीएस, गोमतीनगर, लखनऊ (उत्तर प्रदेश)



(युसूफ अली) **(अहसान अहमद)** **(वसीम अहमद)**

- युसूफ के खातों में सऊदी अरब से भी कई बार एक एक लाख से अधिक पैसों का लेन देन हुआ है जिसकी जानकारी की जा रही है।
- इसके बाद एटीएस, अभिसूचना विभाग व सहारनपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने देवबन्द, सहारनपुर से वसीम अहमद तथा अहसान अहमद को गिरफ्तार कर उनके पास से लैपटॉप, कंप्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर, भारी मात्रा में फोटो, बने अधबने प्रमाण पत्र तथा अनेक प्रमाण पत्रों की सैंकड़ों छायाप्रति बरामद हुई हैं।
- अभियुक्तगण से मिली जानकारी के अनुसार ये लोग शपथ पत्र तथा स्कूल के फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर फर्जी पते पर आधार कार्ड, वोटर कार्ड तथा मूल निवास आदि अन्य प्रमाण पत्र तैयार करा लेते थे तथा सांठगांठ कर जाँच पूरी करा पासपोर्ट बनवा लेते थे। इसके बदले में बांग्लादेशियों से काफी पैसा वसूल करते थे।
- अभियुक्तगण को सम्बंधित कोर्ट में पेश कर ट्रांज़िट रिमांड लेकर लखनऊ लाया जाएगा।
- गिरफ्तार अभियुक्तगण के विषय में राष्ट्रीय सुरक्षा तथा आतंकवाद से जुड़े पहलुओं पर यूपी एटीएस तथा अन्य एजेंसियां जानकारी जुटा रही हैं।

सयुंक्त कार्यवाही में गिरफ्तार लोगों से पूछताछ की जा रही है। सम्पूर्ण नेटवर्क को ध्वस्त किया जायेगा।। फर्जी प्रमाण पत्रों को तैयार करने में सहयोग देने वाले राजस्व तथा पुलिस विभाग के लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

असीम अरुण, आई जी एटीएस